**CUH secured 1st Rank in Haryana and 44th at National Level in 'THE' Ranking**

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 10-10-2025**



## हकेंवि का राष्ट्रीय स्तर पर 44वां स्थान

महेंद्रगढ़ (हप्र) : टाइम्स हायर एजुकेशन की रैंकिंग में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) दुनिया के 1001-1200 वैश्विक संस्थानों की सूची में शामिल हुआ है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को इस रैंकिंग में देश के 128 भारतीय विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय स्तर पर 44वां स्थान प्राप्त किया। दिलचस्प बात यह है कि हकेंवि पहली बार इस रैंकिंग में शामिल हुआ और एक बड़ी छलांग के साथ देश के श्रेष्ठ संस्थानों की सूची में खुद को शामिल करने में कामयाब हुआ है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा है कि वैश्विक गुणवत्ता अनुसंधान में विश्वविद्यालय को 781वां स्थान प्राप्त हुआ है। कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता, प्रभावशाली शोध का प्रयास है।

दैनिक ट्रिब्यून Fri, 10 October 2025
https://epaper.dainiktrib

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 10-10-2025**

## टाइम्स हायर रैंकिंग में छाया हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय स्तर पर मिला 44वां स्थान

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ ने टाइम्स हायर एजुकेशन की विश्वविद्यालय रैंकिंग में दुनिया के 1001-1200 वैश्विक संस्थानों की सूची में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को इस रैंकिंग में देश के 128 भारतीय विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय स्तर पर 44वां स्थान प्राप्त किया। दिलचस्प बात यह है कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पहली बार इस रैंकिंग में शामिल हुआ और एक बड़ी छलांग के साथ देश के श्रेष्ठ संस्थानों की सूची में खुद को शामिल करने में कामयाब हुआ है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा है कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि विश्वविद्यालय को पहले ही प्रयास में टाइम्स हॉयर एजुकेशन रैंकिंग में दुनिया भर के शिक्षण संस्थानो में 1001-1200 वैश्विक संस्थानों की सूची में शामिल होने व देश के 128 राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थानों में 44वां स्थान हासिल हुआ है। उन्होंने बताया कि वैश्विक गुणवत्ता अनुसंधान में विश्वविद्यालय को 781वां स्थान प्राप्त हुआ है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय देश का प्रतिष्ठित केंद्रीय विश्वविद्यालय बने इस दिशा में ही निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता, प्रभावशाली शोध और अंतर्राष्ट्रीय दृश्यता के प्रति हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। हम अपने वैश्विक सहयोग को मजबूत करना जारी रखेंगे और और भी अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय ने शोध की गुणवत्ता के मानदंड में वैश्विक स्तर पर 781वां स्थान प्राप्त किया है, जो शोध और नवाचार पर हमारे रणनीतिक फोकस को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह शोध उपलब्धि महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय एक उत्कृष्ट शोध शिक्षण संस्थान के रूप में उभर रहा है। विश्वविद्यालय को यह गौरत तब हासिल हुआ है जब विश्वविद्यालय में सभी पीएचडी कार्यक्रम कोविड महामारी के बाद ही शुरू हुए हैं। कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय सभी के सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय इस उपलब्धि को हासिल कर सका है। आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कहा है कि अपने पहले ही प्रयास में 1001-1200 वैश्विक बैंड में शामिल होना विश्वविद्यालय की बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्रीय स्तर पर 44वें स्थान पर आना सीयूएच की गुणवत्ता संस्कृति, शोध क्षमता, दूरदर्शी नेतृत्व और शैक्षणिक अखंडता का प्रमाण है। विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों ने इसका श्रेय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार को दिया, जिन्होंने अकादमिक उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित करने वाले वातावरण को निर्माण किया व शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं विकसित कर। इसी का परिणाम है कि अब विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान मिल रही है।



कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 10-10-2025**

# टाइम्स हायर रैंकिंग में हकेंवि को राष्ट्रीय स्तर पर मिला 44वां स्थान

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) ने टाइम्स हायर एजुकेशन की विश्वविद्यालय रैंकिंग में दुनिया के 1001-1200 वैश्विक संस्थानों की सूची में शामिल होने का गौरव प्राप्त किया है।

रैंकिंग में देश के 128 भारतीय विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय स्तर पर 44वां स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय पहली बार इस रैंकिंग में शामिल हुआ और एक बड़ी छलांग के साथ देश के श्रेष्ठ संस्थानों की सूची में शामिल हुआ है।



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़। स्रोत : हकेंवि

## हकेंवि की उत्कृष्टता एवं श्रेष्ठता के लिए प्रयास जारी रहेंगे : प्रो टंकेश्वर

कुलपति प्रो टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को बधाई दी। कहा है कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि विश्वविद्यालय को पहले ही प्रयास में टाइम्स हॉयर एजुकेशन रैंकिंग में दुनियाभर के शिक्षण संस्थानों में 1001-1200 वैश्विक संस्थानों की सूची में शामिल होने व देश के 128 राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थानों में 44वां स्थान हासिल हुआ है।

वैश्विक गुणवत्ता अनुसंधान में विश्वविद्यालय को 781वां स्थान प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय उत्कृष्टता की और अग्रसर है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय देश का प्रतिष्ठित केंद्रीय विश्वविद्यालय बने इस दिशा में ही निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

यह उपलब्धि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता, प्रभावशाली शोध और अंतरराष्ट्रीय दृश्यता के प्रति हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। हम अपने वैश्विक सहयोग को मजबूत करना जारी रखेंगे और और भी अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने का प्रयास करेंगे।

विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय ने शोध की गुणवत्ता के मानदंड में वैश्विक स्तर पर 781वां स्थान प्राप्त किया है, जो शोध और नवाचार पर हमारे रणनीतिक फोकस को दर्शाता है हकेंवि एक उत्कृष्ट शोध शिक्षण संस्थान के रूप में उभर रहा है।

कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय सभी के सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय इस उपलब्धि को हासिल कर सका है। आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कहा है कि 44वें स्थान पर आना सीयूएच की गुणवत्ता संस्कृति, शोध क्षमता, दूरदर्शी नेतृत्व और शैक्षणिक अखंडता का प्रमाण है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 10-10-2025**

## हकेंवि पहली बार टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग में हुआ शामिल, राष्ट्रीय स्तर पर पाया 44वां स्थान

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) ने प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन की विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग में जगह बनाई है। विश्वविद्यालय को इस रैंकिंग में दुनिया के 1001-1200 वैश्विक संस्थानों की सूची में स्थान मिला है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर 128 भारतीय विश्वविद्यालयों में हकेंवि ने 44वां स्थान प्राप्त किया है। गौरतलब है कि यह पहली बार है जब विश्वविद्यालय इस रैंकिंग में शामिल हुआ है।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने बताया कि वैश्विक गुणवत्ता अनुसंधान में हकेंवि को 781वां स्थान प्राप्त हुआ है। समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि शोध की गुणवत्ता में विश्वविद्यालय ने वैश्विक स्तर पर 781वां स्थान हासिल किया है, जो इसके शोध एवं नवाचार पर केंद्रित रणनीति को दर्शाता है। आईक्यूएसी निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि पहले ही प्रयास में 1001-1200 वैश्विक बैंड और राष्ट्रीय स्तर पर 44वां स्थान हासिल करना हकेंवि की गुणवत्ता संस्कृति और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagan** **Date: 10-10-2025**

# टाइम्स हायर रैंकिंग में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर 44वां

## वैश्विक गुणवत्ता अनुसंधान में विश्वविद्यालय को 781वां स्थान प्राप्त हुआ है

**128** भारतीय विश्वविद्यालयों में हकेंवि को यह रैंकिंग प्राप्त हुई है देश भर में

- कुलपति ने संस्थान के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए दी बधाई

**संवाद सहयोगी, जागरण • महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) ने टाइम्स हायर एजुकेशन की विश्वविद्यालय रैंकिंग में दुनिया के 1001-1200 वैश्विक संस्थानों की सूची में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को इस रैंकिंग में देश के 128 भारतीय विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय स्तर पर 44वां स्थान प्राप्त किया। दिलचस्प बात यह है कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पहली बार इस रैंकिंग में शामिल हुआ और एक बड़ी छलांग के साथ देश के श्रेष्ठ संस्थानों की सूची में खुद को शामिल करने में कामयाब हुआ है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा है कि यह विश्वविद्यालय के लिए यह उपलब्धि गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि वैश्विक गुणवत्ता अनुसंधान में विश्वविद्यालय को 781वां स्थान प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय उत्कृष्टता की और अग्रसर है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय देश का प्रतिष्ठित केंद्रीय विश्वविद्यालय बने इस दिशा में ही निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता, प्रभावशाली शोध और अंतर्राष्ट्रीय दृश्यता के प्रति हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। हम अपने वैश्विक सहयोग को मजबूत करना जारी रखेंगे और भी अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने का प्रयास करेंगे।

समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय ने शोध की गुणवत्ता के मानदंड में वैश्विक स्तर पर 781वां स्थान प्राप्त किया है, जो शोध और नवाचार पर हमारे रणनीतिक फोकस को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह शोध उपलब्धि महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय एक उत्कृष्ट शोध शिक्षण संस्थान के रूप में उभर रहा है। विश्वविद्यालय को यह गौरत तब हासिल हुआ है जब विश्वविद्यालय में सभी पीएचडी कार्यक्रम कोविड महामारी के बाद ही शुरू हुए हैं। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने इस मौके पर कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही उपलब्धि हासिल हुई है।

### हकेंवि करेगा 'विकसित भारत युवा संसद' की मेजबानी

**संस, जागरण • महेंद्रगढ़:** भारत सरकार के युवा मामले व खेल मंत्रालय ने जिले में आयोजित होने वाली 'विकसित भारत युवा संसद 2026' की जिम्मेदारी हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) को सौंपी है। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई इस प्रतियोगिता का संयोजन करेगी। प्रतियोगिता में जिले के 18 से 25 वर्ष आयु के युवा प्रतिभागिता कर सकेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण बताया। वहीं एनएसएस इकाई के संयोजक डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता 'आपातकाल के 50 वर्ष: भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख' विषय पर आयोजित की जाएगी। प्रत्येक प्रतिभागी को विषय पर भाषण के लिए तीन मिनट का समय दिया जाएगा। निर्णायक मंडल के चार सदस्यों द्वारा इसका मूल्यांकन किया जाएगा। प्रतियोगिता के पहले चरण में जिले से 10 प्रतिभागियों का चयन होगा। दूसरे चरण में जिला स्तरीय राउंड से चयनित युवा राज्य स्तरीय राउंड में हिस्सा लेंगे। तीसरे चरण में राज्य स्तर के शीर्ष फाइनलिस्टों को युवा संसद के समापन में प्रतिभागिता का अवसर मिलेगा।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Gurgaon Today** **Date: 10-10-2025**

# टाइम्स हॉयर रैंकिंग में छाया हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय स्तर पर 44वां स्थान

- **देश में शोध एवं शिक्षण के क्षेत्र में उभरता हुआ श्रेष्ठ संस्थान साबित हो रहा है हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय।**
- **टाइम्स हॉयर रैंकिंग में पहली बार की प्रतिभागिता, लगाई बड़ी छलांग।**



**हरियाणा केंदीय विश्वविद्यालय एवं कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार।**

सुरेंद्र चौधरी, गुड़गांव टुडे

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ ने टाइम्स हायर एजुकेशन की विश्वविद्यालय रैंकिंग में दुनिया के 1001-1200 वैश्विक संस्थानों की सूची में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को इस रैंकिंग में देश के 128 भारतीय विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय स्तर पर 44वां स्थान प्राप्त किया। दिलचस्प बात यह है कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पहली बार इस रैंकिंग में शामिल हुआ और एक बड़ी छलांग के साथ देश के श्रेष्ठ संस्थानों की सूची में खुद को शामिल करने में कामयाब हुआ है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा है कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि विश्वविद्यालय को पहले ही प्रयास में टाइम्स हॉयर एजुकेशन रैंकिंग में दुनिया भर के शिक्षण संस्थानो में 1001-1200 वैश्विक संस्थानों की सूची में शामिल होने व देश के 128 राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थानों में 44वां स्थान हासिल हुआ है। उन्होंने बताया कि वैश्विक गुणवत्ता अनुसंधान में विश्वविद्यालय को 781वां स्थान प्राप्त हुआ है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय उत्कृष्टता की और अग्रसर है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय देश का प्रतिष्ठित केंद्रीय विश्वविद्यालय बने इस दिशा में ही निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता, प्रभावशाली शोध और अंतर्राष्ट्रीय दृश्यता के प्रति हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय ने शोध की गुणवत्ता के मानदंड में वैश्विक स्तर पर 781वां स्थान प्राप्त किया है, जो शोध और नवाचार पर हमारे रणनीतिक फोकस को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह शोध उपलब्धि महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय एक उत्कृष्ट शोध शिक्षण संस्थान के रूप में उभर रहा है।कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय सभी के सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय इस उपलब्धि को हासिल कर सका है।

आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कहा है कि अपने पहले ही प्रयास में 1001-1200 वैश्विक बैंड में शामिल होना विश्वविद्यालय की बड़ी उपलब्धि है।

विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों ने इसका श्रेय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार को दिया, जिन्होंने अकादमिक उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित करने वाले वातावरण को निर्माण किया व शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं विकसित कर। इसी का परिणाम है कि अब विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 10-10-2025**

### देश में शोध एवं शिक्षण के क्षेत्र में उभरता हुआ श्रेष्ठ संस्थान साबित हो रहा हकेंवि

# टाइम्स हॉयर रैंकिंग में छाया हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

**हकेंवि को राष्ट्रीय स्तर पर मिला 44वां स्थान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़ । हकेंवि भवन। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने टाइम्स हायर एजुकेशन की विश्वविद्यालय रैंकिंग में दुनिया के 1001-1200 वैश्विक संस्थानों की सूची में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को इस रैंकिंग में देश के 128 भारतीय विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय स्तर पर 44वां स्थान प्राप्त किया। दिलचस्प बात यह है कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पहली बार इस रैंकिंग में शामिल हुआ था।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि वैश्विक गुणवत्ता अनुसंधान में विश्वविद्यालय को 781वां स्थान प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय उत्कृष्टता की और अग्रसर है। विश्वविद्यालय देश का प्रतिष्ठित केंद्रीय विश्वविद्यालय बने इस दिशा में ही निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता, प्रभावशाली शोध और अंतर्राष्ट्रीय दृश्यता के प्रति हमारे निरंतर प्रयास को दर्शाती है।

**विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान मिल रही**

*कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय सभी के सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय इस उपलब्धि को हासिल कर सका है। आईक्यूएसी निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर 44वें स्थान पर आना सीयूएच की गुणवत्ता संस्कृति, शोध क्षमता, दूरदर्शी नेतृत्व और शैक्षणिक अखंडता का प्रमाण है। विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों ने इसका श्रेय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार को दिया है, जिन्होंने अकादमिक उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित करने वाले वातावरण को निर्माण किया व शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं विकसित कर सकें। इसी का परिणाम है कि अब विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान मिल रही है।*

समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय एक उत्कृष्ठ शोध शिक्षण संस्थान के रूप में उभर रहा है। विश्वविद्यालय में सभी पीएचडी कार्यक्रम कोविड महामारी के बाद ही शुरू हुए हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: India News Calling** **Date: 10-10-2025**

Central University of Haryana secures 44th national position in World University Rankings 2026

October 09, 2025 12:25 PM





Mahendergarh- The Central University of Haryana (CUH) made a remarkable debut in the Times Higher Education (THE) World University Rankings 2026, securing a position in the 1001–1200 global band and ranking 44th at the national level among 128 Indian universities. Vice Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar congratulates the university faculty and the students for the achievement.

The CUH is ranked first in Haryana and 781 in the global quality research. This is the first time the CUH has participated in the global ranking and achieved a historic milestone in its academic journey. The recognition underscores CUH's growing global footprint and commitment to excellence in teaching, research, and societal impact.

Prof. Tankeshwar Kumar, the Vice-Chancellor of the university, said, "It is a moment of great pride that CUH has made its mark in THE World University Rankings in its very first attempt. This achievement reflects our consistent efforts toward academic excellence, impactful research, and international visibility. We will continue to strengthen our global collaborations and strive to reach even greater heights.

Pro-Vice Chancellor Prof. Pawan Kumar Sharma said, "The University ranked 781 globally in quality of research parameter, reflecting our strategic focus on research and innovation. This is particularly significant considering the fact that the practical rollout of Ph. D. programmes could take place only after the COVID pandemic. The recognition inspires us to continue our pursuit of excellence and make CUH a globally recognised centre of higher learning."

The faculty members of CUH, while being jubilant, credited the achievement to the proactive visionary leadership of the Vice-Chancellor. The university has achieved many milestones since he took over the office.

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navodaya Times** **Date: 10-10-2025**


# टाइम्स हॉयर रैंकिंग में छाया हकेवि

## राष्ट्रीय स्तर पर मिला 44वां स्थान

महेंद्रगढ़, 9 अक्टूबर (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ ने टाइम्स हायर एजुकेशन की विश्वविद्यालय रैंकिंग में दुनिया के 1001-1200 वैश्विक संस्थानों की सूची में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को इस रैंकिंग में देश के 128 भारतीय विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय स्तर पर 44वां स्थान प्राप्त किया। दिलचस्प बात यह है कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पहली बार इस रैंकिंग में शामिल हुआ और एक बड़ी छलांग के साथ देश के श्रेष्ठ संस्थानों की सूची में खुद को शामिल करने में कामयाब हुआ है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा है कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि विश्वविद्यालय को पहले ही प्रयास में टाइम्स हॉयर एजुकेशन रैंकिंग में दुनिया भर के शिक्षण संस्थानो में 1001-1200 वैश्विक संस्थानों की सूची में शामिल होने व देश के 128 राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थानों में 44वां स्थान हासिल हुआ है। उन्होंने बताया कि वैश्विक गुणवत्ता अनुसंधान में विश्वविद्यालय को 781वां स्थान प्राप्त हुआ है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय उत्कृष्टता की और अग्रसर है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय देश का प्रतिष्ठित केंद्रीय विश्वविद्यालय बने इस दिशा में ही निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता, प्रभावशाली शोध और अंतर्राष्ट्रीय दृश्यता के प्रति हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। हम अपने वैश्विक सहयोग को मजबूत करना जारी रखेंगे और और भी अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने का प्रयास करेंगे।

विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय ने शोध की गुणवत्ता के मानदंड में वैश्विक स्तर पर 781वां स्थान प्राप्त किया है, जो शोध और नवाचार पर हमारे रणनीतिक फोकस को दर्शाता है।